(8)

(3)

# उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड

## (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

### वेतन एवं लेखा अनुभाग Pay & Accounts

CIN: U32201UP1999SGC024928 vetanlekha@gmail.com

द्वितीय तल विस्तार–शक्ति भवन, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

पत्रांक :–...216...../उ0म0प्र0/पंचम–राज/ दिनांक :–15/01/2022

## परिपत्र

वित्तीय वर्ष 2021–22 मे प्राप्त आय पर आयकर की गणना हेतु सभी कार्मिकों को वेतन एवं भत्तों के साथ अन्य स्त्रोतों से प्राप्त आय, यदि हो तो, से सम्बन्धित सूचना एवं प्राप्त आय पर आयकर के विभिन्न धाराओं में छूट पाने हेतु आवश्यक सूचना, सम्बन्धित प्रपत्रों सहित, अपने आहरण एवं वितरण अधिकारी को प्रेषित किया जाना है।

उपरोक्त के सन्दर्भ में ERP Software लागू होने के पश्चात् वित्तीय वर्ष 2021–22 मे सम्पूर्ण वेतन एवं अन्य भत्ते ERP के माध्यम से भुगतान होने के दृष्टिगत उ0प्र0पा0का0लि0 में कार्यरत समस्त कार्मिकों के आयकर की गणना हेतु निम्न् प्रक्रिया निर्धारित की जाती है :–

1. ऐसे समस्त कार्मिक (श्रेणी– I, II एवं III), जिनके द्वारा ESS Portal का उपयोग किया जा रहा है एवं जिनके द्वारा विगत माहों में सम्पत्ति का विवरण ESS Portal पर भरा गया था, को निर्देशित किया जाता है कि वह वित्तीय वर्ष 2021–22 मे प्राप्त आय पर आयकर की गणना हेतु आवश्यक सूचनाएं, आयकर परिकलन–ज्ञापक (Income Tax Mamo) के स्थान पर ESS Portal पर अद्यतन् (Update) करना सुनिश्चित करें। श्रेणी–IV में कार्यरत कार्मिक पूर्व की भॉति Income Tax Mamo में आवश्यक सूचना भरकर अपने आहरण एवं वितरण अधिकारी (DDO) को प्रेषित करेंगे जिसके आधार पर सम्बन्धित DDO द्वारा ERP Software पर आवश्यक सूचनाएं अद्यतन् (Update) करायी जायेगी।
2. सभी कार्मिक ESS Portal पर Login करने के पश्चात् My Services के Payment Head के IT Declaration Sub Head पर Click करेंगे। Click करने के पश्चात् New web page Open होगा जहाँ पर सम्बन्धित कार्मिक अन्य आय एवं आयकर के विभिन्न धाराओं में छूट पाने हेतु आवश्यक सूचना भरेंगे तथा सभी सूचनाओं के सापेक्ष आवश्यक प्रपत्र Upload करेंगे।
3. उपरोक्त प्रक्रिया के माध्यम से सभी सूचनाएं भरने के पश्चात् सम्बन्धित कार्मिक आयकर के विभिन्न धाराओं में लिए गये छूट से सम्बन्धित समस्त प्रपत्र अपने आहरण एवं वितरण अधिकारी (DDO) को अधिकतम 18.01.2022 तक प्रेषित करेंगे।

   ऐसे कार्मिक, जिनके द्वारा ESS Portal पर Income tax Detail भरकर आवश्यक प्रपत्र सम्बन्धित DDO को प्रेषित नहीं की जायेगी, को वित्तीय वर्ष 2021–22 में मात्र वेतन से की गयी कटौतियों हेतु छूट प्रदान की जायेगी एवं उक्त के आधार पर ही Income Tax Calculate कर शेष Tax की राशि की कटौती जनवरी एवं फरवरी माह के वेतन, जिसका भुगतान क्रमशः फरवरी एवं मार्च माह में होगा, से की जायेगी।
4. सम्बन्धित DDO का दायित्व होगा कि वह प्राप्त प्रपत्रों की समीक्षा कर ESS Portal पर प्राप्त Request को Approve करेंगे। Request Approve होने के पश्चात् सम्बन्धित कार्मिक की Income Tax Liability स्वतः Update हो जायेगी।
5. उपरोक्त प्रक्रिया हेतु ESS Portal पर My Services के Other Applications के User Manuals Sub Head पर Click कर User Manual प्राप्त की जा सकती है। User Manuals Sub Head पर Click करने के पश्चात् Google Drive Open होगा, जहाँ पर HCM Folder के Income Tax Investment Declaration Sub-Folder में User Manual की PDF कापी उपलब्ध है।

उपरोक्त बिन्दुओं के परिप्रेक्ष्य में Income Tax Calculate हेतु सभी कार्मिक ESS Portal पर आवश्यक कार्यवाही ससमय सम्पादित करना सुनिश्चित करें।

निदेशक (का0प्रब0 एवं प्रशा0)

पत्रांक :–206/उ0म0प्र0/पंचम–राज/तद्दिनांक 15/01/22

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष महोदय, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. समस्त अधिकारी, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
6. लेखाधिकारी (मुख्यालय भुगतान), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. समस्त कर्मचारी, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. अधिशासी अभियन्ता, वेबसाइट, यू0पी0पी0सी0एल0, शक्ति भवन, लखनऊ।
9. कट फाइल/ई बुक

(नितीन निझावन)
उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन)
एवं नोडल अधिकारी, ई0आर0पी0

एन. के. पाण्डेय
लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा)